Need to introduce services of Vande Bharat Train between Rajkot and Mumbai- laid

श्री मोहनभाई कुंडारिया (राजकोट): मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र, विशेष रूप से राजकोट से मुंबई तक, दैनिक आधार पर बहुत सारे लोग यात्रा करते हैं । राजकोट-मुंबई मार्ग व्यापार और पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्य से, अधिकांश यात्रियों को राजकोट से चलने वाली ट्रेनों में उपलब्ध सीटों की कमी के कारण सीट नहीं मिल पाती है । इसलिए, राजकोट और मुंबई के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा को शीघ्र ही शुरू करना बहुत आवश्यक है। वंदे भारत ट्रेन सेवा उत्कृष्ट यात्रा अनुभव, यात्रियों के लिए समय और खर्च की बचत के साथ-साथ सामान की तेजी से आदान-प्रदान करने की सुविधा प्रदान करेगी । मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ, कि सौराष्ट्र के नागरिकों की सुविधा के लिए राजकोट से मुंबई तक दैनिक वंदे भारत ट्रेन सेवा को शीघ्रता पूर्वक शुरू करने का समर्थन करें । धन्यवाद ।